# प्रेस विज्ञप्ति

देहरादून / 12 अगस्त 2025

## उत्तराखण्ड के 6 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल (आर.यू.पी.पी.) डीलिस्टेड,11 अन्य दलों को नोटिस

– दूसरे चरण में उत्तराखण्ड के 11 अन्य पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों (आर.यू.पी.पी.) को दिया गया नोटिस

देहरादून। भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तराखण्ड के 6 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों (आरयूपीपी) को डीलिस्ट कर दिया है। बीते 9 अगस्त को भारत निर्वाचन आयोग ने यह आदेश जारी किया है। डीलिस्ट किए गए 6 दलों में वो दल शामिल हैं जिन्होंने बीते 6 वर्षों से ना तो चुनाव लड़ा ना है और ही भौतिक सत्यापन में उनके कार्यालयों का कोई पता नहीं मिल पाया है। आयोग ने डीलिस्टेड किए 6 आर.यू.पी.पी. को आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिन के भीतर अन्तिम अपील का अतरिक्त अवसर दिया है।

### ये दल किए गए डीलिस्ट

1. भारतीय जनक्रान्ति पार्टी,जनपद–देहरादून
2. हमारी जनमंच पार्टी,जनपद–देहरादून
3. मैदानी क्रान्ति दल,जनपद–देहरादून
4. प्रजा मण्डल पार्टी, जिला–पौडी गढवाल
5. राष्ट्रीय ग्राम विकास पार्टी,जनपद–हरिद्वार
6. राष्ट्रीय जन सहाय दल,जनपद–देहरादून

### आयोग ने दूसरे चरण में 11 दलों को किया नोटिस जारी

भारत निर्वाचन आयोग ने दूसरे चरण में उत्तराखण्ड में बीते 6 साल से निष्क्रिय 11 अन्य पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ये सभी वे दल हैं जिन्होंने वर्ष 2019 से अब तक छह वर्षों में एक भी चुनाव में प्रतिभाग नहीं किया है। दलों को इस नोटिस का जवाब देने के लिए 27 अगस्त 2025 तक का समय दिया है। आयोग के आदेशानुसार उत्तराखण्ड में पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों में से 11 दल ऐसे हैं जो आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। इन दलों की अंतिम डीलिस्टिंग का निर्णय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिया जाएगा। देश में राजनैतिक दलों (राष्ट्रीय/राज्यीय/अमान्यता) का पंजीकरण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य इस पूरे अभ्यास में राजनैतिक व्यवस्था का शुद्धिकरण एवं चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को बढ़ावा देना है।

इन दलों को दिया गया नोटिस

1– भारत कौमी दल, ग्राम लाठरदेवा हुण, पोस्ट–झबरेडा, हरिद्वार, उत्तराखण्ड।
2– भारत परिवार पार्टी, भारत हृदय आश्रम मौहल्ला करछा, ज्वालापुर, हरिद्वार, उत्तराखण्ड।
3– भारतीय मूल निवासी समाज पार्टी, 77/129 भगत सिंह कालोनी, तरला अधोईवाला, देहरादून, उत्तराखण्ड।
4– भारतीय सम्राट सुभाष सेना, ग्राम–अजीतपुर, पोस्ट–कनखल, लक्सर रोड, हरिद्वार, उत्तराखण्ड।
5– भारतीय अन्तोदय पार्टी, 8 प्रीत विहार, फेज–2 इन्दिरा गांधी मार्ग, निरंजनपुर, देहरादून उत्तराखण्ड।
6– भारतीय ग्राम नगर विकास पार्टी, एकता विहार, लेन न0–1 ग्रामसभा आमवाला तल्ला, पोस्ट कण्डोली, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून उत्तराखण्ड।
7– गोरखा डेमोक्रेटिक फ्रन्ट, शाही निवास, चन्द्रबनी, पो–मोहब्बेवाला, देहरादून उत्तराखण्ड।
8– पीपल्स पार्टी, ए–23 सुभाष नगर, रूडकी, हरिद्वार, उत्तराखण्ड।
9– प्रजातन्त्र पार्टी ऑफ इण्डिया, मकान न0–33 मौहल्ला–बम्बघेरा, शहर एवं पोस्ट– रामनगर, नैनीताल, उत्तराखण्ड।
10–सुराज सेवा दल, ग्राम–रमडी जसुआ, पो– फतेहपुर तहसील–हल्द्वानी, नैनीताल, उत्तराखण्ड।
11–उत्तराखण्ड जनशक्ति पार्टी, सुशीला बर्थवाल निवास निकट दूरदर्शन प्रसार भारती कार्यालय, हरिद्वार बायपास रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड।